HGH INDIA 2018 SM
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE

**Post-show Report**

A TEXZONE Event

**Where business feels at home!**

### एचजीएच इंडिया २०१८

# ज्यादा नवीनतम, ज्यादा बिजनेस लाता है

सातवें संस्करण की सफलता के साथ, एचजीएच इंडिया ने एक बार फिर होम टैक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर और गिफ्टस के लिए भारतीय बाजार पर फोकस के साथ एक कुशल और प्रेरणादायक ट्रेड शो के रूप में स्थान बनाया। प्रदर्शनकर्ताओं और आगंतुकों को अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए अपने वर्तमान और संभावित भागीदारों से मिलने के अवसर प्राप्त होने की प्रसन्नता हुई। प्रदर्शनकर्ताओं और व्यापार आगंतुकों की संख्या में १४% की वृद्धि हुई। प्रदर्शनकर्ताओं की प्रस्तुतियों की गुणवत्ता में भी व्यापक सुधार हुआ, जो उनके लिए इस ट्रेड शो के महत्व का प्रतीक है।

इस वर्ष के एचजीएच इंडिया का एक प्रमुख आकर्षण तीनों हॉल का श्रेणीवार आवंटन था - हॉल १ में होम टैक्सटाइल्स, हॉल २ में होम डेकोर एंड गिफ्ट्स और हॉल ३ में हाउसवेयर और गिफ्ट्स। आगंतुकों और प्रदर्शनकर्ताओं दोनों ने इसका स्वागत किया, क्योंकि वे अपने सम्बन्धित लक्ष्य उत्पादों के लिए ज्यादा फोकस और समय दे पाये। इससे विशेषतः हाउसवेयर और होम डेकोर श्रेणियों को मदद मिली, जहां उन्हें एचजीएच इंडिया में विशिष्ट पहचान और दृश्यता मिली।

विश्वस्तरीय, अवश्य देखने योग्य, ट्रेंड-सेटिंग और परिणाम-उन्मुख ट्रेड शो के रूप में अपनी स्थिति को सुदृढ़ करते हुए, एचजीएच इंडिया २०१८ ने प्रभावी रूप से सभी होम प्रोडक्ट श्रेणियों के अपने प्रदर्शनकर्ताओं को भारतीय रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, इम्पोटर्स, होलसेलर्स, इंटीरियर डिजाइनर्स, इन्स्टीट्यूशनल बायर्स और ट्रेड बायर्स के साथ जोड़ा।

लगातार सातवें वर्ष घरेलू और वैश्विक प्रदर्शनकर्ताओं के साथ-साथ व्यापार आगंतुकों की बढ़ती संख्या के चलते, एचजीएच इंडिया २०१८ ने होम टैक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर और गिफ्टस वर्टिकल श्रेणियों में भारत के सबसे सम्मानित ट्रेड शो के रूप में अपने को स्थापित किया है।

भारतीय और अंतरराष्ट्रीय मेन्यूफैक्चरर्स, ब्रांड्स, इम्पोटर्स और एक्सपोटर्स के लिए व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यह ट्रेड शो एक अत्यधिक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। एचजीएच इंडिया को आज मिनिस्ट्री ऑफ टैक्सटाइल्स, लघु एवं मध्य वर्ग मंत्रालय, भारत सरकार और महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा होम प्रोडक्टस के लिए भारतीय घरेलू बाजार की क्षमताओं को बढ़ाने में एक उत्प्रेरक की भूमिका निभाने की मान्यता प्राप्त है।










### आगंतुक उत्साहित

भारत के ४८० शहरों और कस्बों के अग्रणी रिटेलर्स ३४,९६० शीर्ष निर्णयकर्ताओं; जिसमें डिपार्टमेंटल स्टोर्स, हाइपरमार्केट, स्पेशलिटी स्टोर्स, ऑनलाइन रिटेलर्स, ट्रेडिशनल रिटेलर्स, और फ्रेंचाइजी शामिल हैं; इम्पोटर्स; डिस्ट्रीब्यूटर्स; होलसेलर्स; इन्स्टीटयूशनल बायर्स; कॉर्पोरेट गिफ्ट बायर्स और इंटीरियर डिजाइनर्स ने एचजीएच इंडिया २०१८ विजिट किया, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में १४% की वृद्धि दर्ज की गई।

व्यापार आगंतुकों और प्रदर्शनकर्ताओं ने एचजीएच इंडिया में लगातार भाग लेने और विजिट करने के लिए भारतीय सोर्सिंग सीजन की शुरूआत के समय आयोजित, अभिनव उत्पाद, उच्च गुणवत्तापूर्ण बिजनेस वातावरण, अच्छी तरह शोध किए गए फैशन

# होम टैक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर और गिफ्टस का अवलोकन लाया

ट्रेंड्स, सुआयोजित सेवाएं और भारतीय बाजार पर फोकस जैसे कुछ कारण गिनाये। एक्जिट पोल में, कई आगंतुकों ने एचजीएच इंडिया में प्रत्येक वर्ष नये उत्पादों, अधिक संख्या में प्रदर्शनकर्ताओं, अभिनव सुविधाओं और प्रेरित करने वाले नये बिजनेस विचारों से उन्हें प्रोत्साहित करने की क्षमता पर अपना उत्साह व्यक्त किया।

एचजीएच इंडिया २०१८ में पिछले वर्ष के ८०% प्रदर्शनकर्ता और ९०% आगंतुकों ने वापस विजिट किया, जो विक्रेताओं और खरीदारों दोनों के लिए इसके महत्व को दर्शाता है।


### प्रदर्शनकर्ताओं की संख्या में वृद्धि


कुल मिलाकर, पिछले वर्ष की तुलना में प्रदर्शनकर्ताओं की संख्या में २०% की वृद्धि हुई, जबकि कुल प्रदर्शनी क्षेत्र में ३०% की वृद्धि हुई। यह प्रत्येक प्रदर्शनकर्ता के लिए औसतन ज्यादा जगह भी दर्शाता है। ३० देशों के ६०० मेन्यूफैक्चरर्स और ब्रांड्स ने अपने प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन किया, जो एचजीएच इंडिया २०१८ को भारतीय बाजार में होम प्रोडक्ट्स के लिए सबसे बड़ा ट्रेड शो बनाता है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही प्रदर्शनकर्ताओं की संख्या में वृद्धि हुई।


भारत भर के अग्रणी ब्रांड्स और मेन्यूफैक्चरर्स, जिसमें से कई नियमित रूप से प्रदर्शन करते रहे हैं, रिटेलर्स और होलसेलर्स के लिए अपने नवीनतम, नये प्रोडक्ट लाइन्स और ट्रेड स्कीम्स लांच की। होम टैक्सटाइल्स, मैट्रेसेस, हाउसवेयर, हैण्डीक्राफ्ट्स, गिफ्ट्स और डेकोरेटिव एसेसरीज के कई घरेलू बाजार अग्रणी और लीडिंग एक्सपोर्टस ने एचजीएच इंडिया का भारतीय बाजार में शुरूआत करने या अपनी मौजूदा बाजार स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए उपयोग किया।


तुर्की, चीन और ताइवान देशों की एक्सक्लूसिव कन्ट्री पवेलियन और इटली, बेल्जियम, जर्मनी, नीदरलैंड, युके ब्रिटेन, ऑस्ट्रिया, तुर्की, रूस, यूएसए, जापान, ऑस्ट्रेलिया, थाईलैंड, कोरिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात और कई अन्य देशों से आये व्यक्तिगत प्रदर्शनकर्ताओं के साथ, अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनकर्ताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। उन्होंने कुकवेयर, किचनवेयर, वैलनेस और किचन एप्लायंसिस, टेबलवेयर, स्टोरेज, प्लास्टिक हाउसवेयर गुड्स, क्लिनिंग और हाइजीन प्रोडक्ट्स, आउटडोर प्रोडक्ट्स, होम टैक्स्टाइल्स, ब्लाइंड्स, मैट्रेसेस, डेकोरेटिव एसेसरीज, गिफ्ट्स और हाउसहोल्ड प्रोडक्ट्स की विभिन्न श्रेणियों के लिए बहुत ही संतोषजनक बिजनेस फीडबैक रिपोर्ट किया।

इसके अलावा, इसमें से कई अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स और मेन्यूफैक्चरर्स ने अपने भारतीय डिस्ट्रीब्यूटर और बिजनेस पार्टनर्स के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों जैसे होम टैक्सटाइल्स, होम डेकोर प्रोडक्ट्स, फर्निशिंग फैब्रिक्स, वॉलपेपर्स, कारपेट, वुडन फ्लोरिंग और सिन्थेटिक फ्लोरिंग और हाउसवेयर और गिफ्ट कैटेगरीज में सफलतापूर्वक अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।




### प्रदर्शकर्ता और आगंतुक आधार और भी मजबूत हुआ

एचजीएच इंडिया ने प्रदर्शनकर्ताओं और आगंतुकों की संख्या में लगातार सातवें वर्ष वृद्धि दर्ज की, जो इसे भारतीय बाजार की अपनी श्रेणी में सबसे तेज बढ़ता ट्रेड शो बनाता है। उपरोक्त ग्राफिक्स वरिष्ठ निर्णयकर्ताओं और बाजार अग्रणियों, चाहे वह क्रेता हो या विक्रेता, में साफतौर पर एचजीएच इंडिया द्वारा बाजार स्थिति सुदृढ़ीकरण परिलक्षित होती है।

### अच्छे व्यापार परिणाम

एचजीएच इंडिया २०१८ ने भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण होम प्रोडक्ट्स की मांग में बढ़ोतरी का समर्थन किया। कई रिटेलर्स सस्ते कीमत पर निर्भर उत्पादों की बजाय एक अच्छी ब्रांड वेल्यू के साथ गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की खोज में दिखाई दिये। स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनकर्ताओं ने हाई-एण्ड कुकवेयर, हाउसवेयर, होम टैक्सटाइल और डेकोर प्रोडक्ट्स को अपेक्षा से बेहतर प्रतिक्रिया प्राप्त हुई।

विभिन्न श्रेणियों के जाने-माने भारतीय ब्रांड न केवल पूरे देश के अपने डीलरों से मिल सके और उनके साथ व्यापार कर सके, बल्कि अभी तक गैरप्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों के नए वितरकों से भी मिलने में सफल हुए। अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनकर्ताओं ने पुष्टि की कि वे







## भारत के ४८० शहरों और कस्बों से ३४,९६० से संजीदा व्यापार आगंतुक

# ३० देशों के ६०० ब्रांड्स और मेन्यूफैक्चरर्स के प्रोडक्ट्स

कई प्रतिष्ठित डिस्टीब्यूटर्स और ब्रांड प्रतिनिधियों से मिल सके और भारत के बाजार में अपनी उपस्थिति को बढ़ाने के लिए उनका भाग लेना काफी सफलतापूर्ण रहा। ट्रेड शो में रिटेलर्स द्वारा अपने नियमित सप्लायर्स के लिए स्पॉट ऑर्डर दिये गये, जहां कई प्रदर्शनकर्ताओं ने प्रतिष्ठित रिटेलर्स के द्वारा पहली बार ट्रायल ऑर्डर भी देना रिपोर्ट किया।

भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनकर्ता अपने कई उच्च संभावित खरीदारों और दीर्घकालिक संगठनों के साथ बातचीत करने में सक्षम हुए और यह घरेलू होम प्रोडक्टस बाजार में उनकी पहुंच का माध्यम बना।


प्रदर्शनकर्ता सफलतापूर्वक परिणाम से अति उत्साहित थे। करीब ६०% ने, अगले वर्ष, बड़ी जगहों में प्रदर्शन करने की इच्छा व्यक्त की। इसके साथ ही, इस ट्रेड शो की व्यापार केंद्रित अवधारणा ने विकासशील भारतीय बाजार में त्वरित और प्रभावी पहुंच को सक्षम बनाने का मार्ग प्रशस्त किया।

विभिन्न श्रेणियों में जैसे बेड एण्ड बॉथ लिनेन, मैट्रेसिस एण्ड पिलोज, कारपेट्स एण्ड फ्लोर कवरिंग्स, फर्निशिंग फैब्रिक्स, टेबल एण्ड किचन लिनेन और एसेसरीज, वॉलपेपर्स, ब्लाइंड्स और विंडो डेकोर, होम डेकोर प्रोडक्टस, कुकवेयर, किचनवेयर, टेबलवेयर, जनरल हाउसवेयर, गिफ्टस, हैण्डीक्राफ्टस, फ्रैगरेन्सीस, स्पा प्रोडक्टस और होम प्रोडक्टस से संबंधित अन्य प्रोडक्टस में प्रदर्शनकर्ताओं ने एचजीएच इंडिया २०१८ का उपयोग अपने डिस्ट्रीब्यूशन और रिटेल नेटवर्क का विस्तार न केवल मैट्रो और ए क्लास शहरों, बल्कि टियर II और टियर III शहरों और कस्बों के लिए भी किया।

एचजीएच इंडिया का आठवां वार्षिक संस्करण जुलाई २-४, २०१९ को बॉम्बे एक्जीबिशन सेन्टर, मुंबई में होना निर्धारित है।

## भारतीय विरासत की पुनर्खोज




भारत की अपनी समृद्ध डिजाइन और शिल्प विरासत के लिए दुनिया भर में प्रशंसा मिली है, जिसमें अत्यधिक कुशल कारीगरों और शिल्पकारों द्वारा हस्तनिर्मित सुंदर उत्पाद शामिल हैं। एचजीएच इंडिया ने डवलपमेंट कमीश्नर हैण्डीक्राफ्टस, मिनिस्ट्री ऑफ टैक्सटाइल्स, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों और इन क्षेत्रों के अन्य उद्योग भागीदारों के सहयोग से देश भर की विभिन्न श्रेणियों जैसे हैण्डीक्राफ्टस, कॉयर, जूट, और खादी में एक फोकस्ड मैनर में इस वर्ष भारतीय विरासत को बढ़ावा देने की पहल की है। विभिन्न होम प्रोडक्टस भारतीय संस्कृति की दिलचस्प व्याख्याओं को प्रतिबिंबित करते हुए, भारतीय विरासत सेक्शन ने रिटेलर्स को इनके लिए एक संजीदा नये लुक और दीर्घकालीन व्यापार अवसर के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया है।

गुणवत्तापूर्ण हैण्डीक्राफ्टस मेन्यूफैक्चरर्स ने अपने एक्सपोर्ट कलैक्शन का प्रदर्शन किया, जिससे एक्सपोर्ट प्रमोशन कांउसिल फॉर हैण्डीक्राफ्टस (ईपीसीएच) के अन्तर्गत भारतीय घरेलू बाजार में अपनी शुरुआत की। हैण्डीक्राफ्टस मेगा क्लस्टर मिशन (एचएमसीएम) ने विभिन्न मेड-अप्स पर लखनऊ के चिकनकारी काम, भुज मेगा क्लस्टर के शिल्पकारों ने विभिन्न प्रकार की प्रसिद्ध कच्छ कढ़ाई, चमड़े के काम, कला धातु के बर्तन, मनका शिल्प, होम टैक्सटाइल पर रोगन ऑर्ट, होम एसेसरीज और हाउसवेयर की भागीदारी आयोजित की। कॉयर बोर्ड, नेशनल जूट बोर्ड, सी. ओ. एच.ए. एन. डी. एस, कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एंड उद्योग निदेशालय, उत्तराखंड सरकार ने इसके अन्तर्गत आने वाले उत्पादों में अपने सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करके योगदान दिया।

एचजीएच इंडिया ने एक थीम पवेलियन प्रायोजित की जहां होम टैक्सटाइल्स में खादी के अभिनव प्रयोगों को आर्किटेक्चर, इंटीरियर डिजाइन और फैशन जैसे क्षेत्रों में सुप्रसिद्ध एकेडमिक इन्स्टीटयूट ऑफ ऑटर्स, रचना संसद के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस पवेलियन को शैलेश परवटकर, प्रिंसिपल आर्किटेक्ट, डिजाइन अरे, द्वारा डिजाइन किया गया था।

एचजीएच इंडिया द्वारा प्रायोजित विभिन्न राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकारों और शिल्पकारों की उपस्थिति, जिन्होंने धातु, लकड़ी और टेराकोटा में हस्तशिल्प बनाने के अपने कौशल को लाइव प्रदर्शित किया, को आगंतुकों ने अत्यधिक सराहा।

## अगला संस्काण

**जुलाई २-४, २०१९**

**मुंबई**

एचजीएच इंडिया २०१९, जुलाई २-४, २०१९ इस ट्रेड शो के अगले वार्षिक संस्करण, को इसी स्थल, बॉम्बे एक्जीबिशन सेन्टर, गोरेगांव, मुंबई, पर आयोजित होना निर्धारित है। हमेशा की तरह, आयोजकों द्वारा एचजीएच इंडिया के इस आठवें संस्करण को आगंतुकों और प्रदर्शनकर्ताओं के लिए और भी अधिक उपयोगी बनाने के लिए कई नवीनतम और नई विशेषताओं को जोड़ने का प्रस्ताव है। जबर्दस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए, अगले वर्ष के संस्करण में अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनकर्ताओं की भागीदारी और बढ़ने की संभावना है। भाग लेने के लिए अधिक जानकारी और प्रदर्शनकर्ताओं एवं आगंतुकों के कमेंट्स सहित नवीनतम वीडियो शो हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर देखे जा सकते हैं।

## ट्रेंड्स २०१८-१९





एचजीएच इंडिया द्वारा भारतीय होम प्रोडक्टस मार्केट के लिए २०१८-१९ के ट्रेंडस एक सेन्ट्रल थीम #ट्रांसिशन के अन्तर्गत प्रस्तुत किये गये।

स्टूडियो साहम और परमेंटियर द्वारा एचजीएच इंडिया ट्रेंडस टीम के सहयोग से संकल्पित और कार्यान्वित, ट्रेंडस ने भारतीय घरों के लिए नए प्रोडक्टस बनाने और सोर्सिंग हेतु प्रेरणा, रंग, डिजाइन और मटिरियल के संदर्भ में स्पष्ट दिशा प्रदान की गई। इन ट्रेंडस को एक ट्रेंडस बुक के रूप में शामिल किया गया, जिसे व्यापार और उद्योग के लोग आयोजकों से खरीद सकते हैं।

एक विस्तृत ट्रेंडस पवेलियन ने आगंतुकों को इन ट्रेंडस को बेहतर ढंग से समझने और वास्तविक वाणिज्यिक उत्पादों में इनके उपयोग को देखने में मदद की।

इस वर्ष के चार सब-थीम (ट्रेंडस) में #सो.फन्कीएटहोम, #सॉफ़्ट शेड्स ऑफ नेचर, #कलेक्टर्स चेम्बर और #स्मार्ट बोहेमियन्स शामिल है, जो होम प्रोडक्ट बिजनेस की सभी श्रेणियों – होम टैक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर और गिफ्टस की आवश्यकताओं को पूरा करता है। ट्रेंडस पवेलियन के लिए ट्रेंडस टीम द्वारा चुने गये प्रोडक्टस एचजीएच इंडिया प्रदर्शनकर्ताओं द्वारा अनुसरित उच्च डिजाइन और अभिनव मानकों को दर्शाते हैं।

**८०% से अधिक प्रदर्शनकर्ताओं द्वारा उत्कृष्ट बिजनेस परिणाम रिपोर्ट किये गये।**

# आगंतुकों और प्रदर्शनकर्ताओं द्वारा समान रूप से उच्च संतुष्टि अभिव्यक्त की गई

## मुख्य अतिथि



**डॉ कविता गुप्ता**, आईएएस,
टैक्सटाइल कमिश्नर,
गवर्नमेंट ऑफ इंडिया

"एचजीएच इंडिया में यह मेरी तीसरी विजिट है और इसके सातवें संस्करण की उपलब्धियों का हिस्सा बनने पर मुझे गर्व है। इसकी स्थापना के साथ ही यह ट्रेड शो निरन्तर प्रगति कर रहा है। अपने प्रथम वर्ष से ही इसने होम टैक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर और गिफ्ट उद्योगों के विकास में सहायता की है। ६०० घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स द्वारा अपने अनूठे प्रोडक्टस का व्यापक प्रदर्शन इस वर्ष इसकी सफलता का प्रमाण है।"

## आगंतुक



**विनोद खंडेलवाल**
जनरल मैनेजर,
बायिंग एण्ड मर्चेन्डाइजिंग
-@ होम, मुंबई

"एचजीएच इंडिया देश के बाजार के लिए एक महान ट्रेड शो है। वर्ष दर वर्ष इसे प्राप्त हुई सफलता से यह अब उस स्तर तक पहुंच गया है, जहां इसकी तुलना किसी भी अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो के साथ की जा सकती है। मेरा यह मानना था कि मैं इस शो की विजिट एक या दो दिनों के भीतर पूरी कर लूंगा, लेकिन मैं गलत था क्योंकि यह बहुत विशाल है, और तीन हॉल्स में विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट्स के प्रदर्शन ने यहां बहुत से अवसरों को तलाशने का मौका प्रदान किया है। मैं ट्रैंड्स पवेलियन से भी प्रभावित हूं, क्योंकि मुझे लगता है कि वह उद्योग मानकों के अनुरूप हैं और इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनकर्ताओं की गुणवत्ता का अवलोकन करना बहुत ही संतोषजनक है।"



**हंस उदेशी**
प्रेसीडेन्ट,
होम एण्ड लिविंग
- स्पार इंडिया, बैंगलोर

"यह बहुत सुखद प्रतीति है कि एचजीएच इंडिया में हर वर्ष कुछ नया होता है। मैं बी२बी अवधारणा को बेहद पसन्द करता हूं, जो इसकी शुरूआत के साथ प्रथम वर्ष से ही अपनायी गयी और निरन्तर क्रमोन्नत हुई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनकर्ताओं की संख्या भी काफी अच्छी है तथा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रोडक्ट्स के स्तर में भी सुधार हुआ है। मुझे इस वर्ष शो में सबसे ज्यादा जो चीज पसंद आयी उसमें तीन अलग-अलग और विशाल हॉल्स में होम टैक्सटाइल्स, होम डेकोर और हाउसवेयर का अलग-अलग प्रदर्शन है। मुझे एचजीएच इंडिया २०१९ का इंतजार है।"



**सुलेमान हीरानी**
मैनेजिंग डायरेक्टर
- दरपन फर्निशिंग, हैदराबाद


"मैं एचजीएच इंडिया २०१८ में उपस्थित होने पर अभिभूत महसूस करता हूं और मेरा यह मानना है कि पहले संस्करण के पश्चात से ही इसका चहुंमुखी विकास हुआ है। इस वर्ष कई नए प्रदर्शनकर्ताओं, श्रेणियों और उत्पादों को जोड़ा गया है और मुझे विश्वास है कि वे तीन दिन जो मैंने यहां बिताये हैं वे निश्चित ही मेरे व्यापार के विस्तार में बहुत हद तक सहायक सिद्ध होंगे। हमने कुछ प्रदर्शनकर्ताओं के साथ व्यापारिक सम्बन्ध बनाये हैं और मैं व्यक्तिगत रूप से यह मानता हूं कि यह ट्रेड शो होम टैक्सटाइल्स के क्षेत्र में अपनी तरह का सबसे उत्कृष्ट ट्रेड शो है।"

## प्रदर्शनकर्ता



**केवल मेहता**
जनरल सेक्रेट्री
- एआईडब्ल्यूए (ऑल इंडिया वॉलपेपर कवरिंग्स एसोसिएशन)

"हम एचजीएच इंडिया के इस वर्ष के परिणामों से विशेष रूप से उत्साहित हैं। मैं महसूस करता हूं कि हम दोनों पिछले छह वर्षों के हमारे संबंधों के माध्यम से विकसित हो पाए हैं। इस वर्ष ए आई डब्ल्यू ए के माध्यम से हम तीस से अधिक ब्रांड्स का प्रदर्शन कर रहे हैं। मैं अगले वर्ष हमारे प्रदर्शनकर्ताओं की संख्या में और वृद्धि की उम्मीद करता हूं। मैं इस वर्ष ट्रैंड्स पवेलियन से बहुत प्रभावित हूं। वास्तव में, हमने इन ट्रैंडस में से कुछ को अपने प्रदर्शित किए गए प्रोडक्ट्स में शामिल कर लिया है। मैं एचजीएच इंडिया २०१९ की प्रतीक्षा कर रहा हूं।"



**राजेश महाजन**
मैनेजिंग डायरेक्टर - मास्पर

"हम वर्ष २०१२, इसके प्रथम वर्ष से ही एचजीएच इंडिया के साथ हैं, और प्रतिवर्ष इस शो का हिस्सा बनने से उल्लासित हैं। इन तीनों ही दिनों में हमारे ऑफर्स को बेहद अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। प्रत्येक वर्ष, हम भारत के विभिन्न क्षेत्रों, शहरों और कस्बों से रिटेलर्स और ट्रेड बॉयर्स से भेंट करने की प्रतीक्षा करते हैं। मेरा मानना है, इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए यह एक उपयुक्त प्लेटफॉर्म है। मैं मानता हूं कि यह उद्योग अभी भी विकसित हो रहा है और इसलिए, मैं एचजीएच इंडिया का आभार मानता हूं कि यह ट्रेड शो के तीनों ही दिनों में हमें हमारी नित नयी अवधारणाओं और व्यापार को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है, ताकि हम आगंतुकों के साथ मजबूत व्यापारिक संबंध स्थापित कर सकें।"



**प्रताप मैनन**
डायरेक्टर - मार्शल्स

"हम पिछले छह-सात वर्षों से एचजीएच इंडिया में प्रदर्शन कर रहे हैं और यह संबंध वर्ष दर वर्ष मजबूत होते गये हैं। उच्च कोटि के आगंतुकों के बड़ी संख्या में आने पर विशेष रूप से यह वर्ष हमारे लिए बहुत सफल रहा है। हर वर्ष, हम एचजीएच इंडिया में एक नया कैटलॉग प्रदर्शित करते हैं, क्योंकि हमारा यह मानना है कि हमारे काम को प्रस्तुत करने का यह एक आदर्श प्लेटफॉर्म है और इस वर्ष भी हमने अपने वॉलपेपर्स रेंज के २५ नए और अलग-अलग कैटलॉग लॉन्च किए हैं।"



**जयंत मोरे**
मैनेजर, सेल्स-सेलो

"यह एचजीएच इंडिया के साथ हमारी तीसरी भागीदारी है और इस वर्ष की प्रतिक्रिया सबसे शानदार रही है। प्रोडक्ट श्रेणियों के विभाजन के साथ मुझे यह विशेष रूप से ज्यादा सारगर्भित प्रतीत होता है। एक्जीबिशन के माध्यम से यह ग्राहकों के लिए व्यक्तिगत प्राथमिकताओं, जो एक समेकित प्रक्रिया है, के साथ एक नेविगेशन प्रदान करता है। हमारे पास विभिन्न स्थानों और क्षेत्रों जैसे संगठित रिटेलर्स, बी२बी, ई-कॉमर्स और सामान्य व्यापार की श्रेणी के आगंतुकों की एक मिली-जुली श्रेणी है। मेरा यह विश्वास है कि एचजीएच इंडिया की एक अच्छी ब्रांड वैल्यू है, जो विक्रेताओं की इसमें भागीदारी को एक बड़े अवसर में परिवर्तित करता है।"



**अमिताभ शुक्ला**
बिजनेस हैड - बर्गनर

"पिछले वर्ष की तुलना में क्लियर स्वीप के साथ बर्गनर के लिए इस वर्ष का अनुभव शानदार रहा है। इसकी स्थापना के साथ ही मैं एचजीएच इंडिया की प्रगति का गवाह रहा हूं। कुछ वर्षों पूर्व तक केवल तीन से चार बूथों से लेकर इस वर्ष पूरा हॉल ही हाउसवेयर और गिफ्टस को समर्पित किया जाना, इसके विकास को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। इस वर्ष, भारी बारिश के बावजूद भी, हमें पहले ही दिन से काफी अच्छी प्रतिक्रिया हुई और इसीलिए, मैं एचजीएच इंडिया के साथ लंबी अवधि के सम्बन्धों की आशा करता हूं।"



**रजनीश अरोरा**
वाइस चेयरमैन - डीसीटीएक्स

"एचजीएच इंडिया में आने वाले आगंतुकों की गुणवत्ता में मैंने प्रतिवर्ष सुधार देखा है। भारी बारिश के बावजूद, इस वर्ष भी प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही है। यह एचजीएच इंडिया की बढ़ती लोकप्रियता और वैल्यू को दिखाता है और हमें प्रतिवर्ष यहां बने रहने और समर्थन प्रदान करने के विषय में और अधिक आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसके अलावा, हर वर्ष इसे अपार सफलता दिलाकर, एचजीएच इंडिया की टीम ने एक उत्कृष्ट कार्य किया है। मैं यहां सिर्फ यह कहना चाहूंगा कि मैं होम टैक्सटाइल्स, जैसे हॉल १ में भी हॉल २ और ३ के समान ही प्रदर्शनकर्ताओं की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद करता हूं। यहां आगंतुकों को प्रदान की जा रही सेवाएं उत्कृष्ट हैं और इसके लिए मैं एचजीएच इंडिया की प्रशंसा करता हूं।



**नितिन गुप्ता**
एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर - स्प्रिंगफिट

"मैंने एचजीएच इंडिया के आश्चर्यजनक विकास के साथ-साथ यहां आने वाले खरीदारों की गुणवत्ता में प्रतिवर्ष सुधार देखा है। मुझे यह भी लगता है कि सालाना रिकॉर्ड किए जा सकने वाले प्रभावशाली फुटफॉल्स के कारण यह किसी भी प्रदर्शनकर्ता के लिए अपने नए कलैक्शन और रेंज को लॉन्च करने के लिए एक सर्वश्रेष्ठ प्लेटफॉर्म है। इस वर्ष, हमने ब्रांड न्यू कैटेलॉग के साथ अपने ऑटोग्राफ कलेक्शन को लॉन्च किया है और हमारे अन्य प्रदर्शित किए गए प्रोडक्टस के साथ इसे प्राप्त हुई प्रतिक्रियाएं हमें एचजीएच इंडिया २०१९ में भी प्रदर्शन करने के लिए और अधिक प्रोत्साहित करती हैं



**प्रदीप कुमार**
सीईओ - एचएमसीएम
(हैण्डीक्राफ्ट मेगा क्लस्टर मिशन)

"यह एक उत्कृष्ट ट्रेड शो है। एक सेक्टर जैसे हैण्डीक्रॉफ्टस, जिसमें छोटे शिल्पकार शामिल हैं, के एक हिस्से को प्रदर्शित किए जाने के बावजूद, तीनों को ही प्राप्त प्रतिक्रियाएं वास्तव में उत्साहजनक रही है। हमें इस पहल का हिस्सा बनने, होम टैक्सटाइल्स और होम डेकोर के विशाल सेक्टर के एक हिस्से के रूप में अपने विभिन्न हैण्डीक्रॉफ्टस का प्रदर्शन करने, और एचजीएच इंडिया के माध्यम से इस सेक्टर को बढ़ावा देने की हमें खुशी है।"

अधिक जानकारी: www.hghindia.com ■ दूरभाष. मुंबई: +91 22 2421 4111 ■ दिल्ली: +91 11 2571 4111 ■ इमेल: info@hghindia.com